आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 06.07.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के लिए 'मिशन संवाद' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आयुष्मान योजना के सेवा प्रदाता अस्पतालों के दावों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी। कल से नौ जुलाई तक होगी नामांकन पत्रों की जांच।
- मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों के दौरान रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी व बागेश्वर जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**'मिशन संवाद'**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधमसिंह नगर के खटीमा में पुलिस कर्मियों के लिए आयोजित विशेष कार्यक्रम 'मिशन संवाद' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'संवाद ऐप' भी लांच किया, जो पुलिसकर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, तनाव प्रबंधन और भावनात्मक सहयोग प्राप्त करने में मददगार साबित होगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिसकर्मी विपरीत परिस्थितियों में दिन–रात जनता की सेवा और सुरक्षा में डटे रहते हैं। उनके योगदान को सम्मान देने के लिए उनके मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मिशन संवाद जैसे कार्यक्रमों का पूरे प्रदेश में विस्तार किया जाएगा, ताकि हर जिले में पुलिस बल को यह सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

**राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आयुष्मान योजना के सेवा प्रदाता अस्पतालों के दावों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने पर्वतीय जिलों में संचालित अस्पतालों को आयुष्मान के प्रति प्रोत्साहित करने के प्रयासों पर बल दिया। देहरादून में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना आम आदमी के जीवन से जुड़ी है। इसे बेहतर तरीके से चलाने के लिए सभी को पूरी गंभीरता से काम करना होगा। इसके साथ ही उन्होंने परिवार रजिस्टर से आयुष्मान कार्ड बनाने की औपचारिकताएं जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजना में बजट की स्थिति स्पष्ट करने के लिए डॉ रावत ने वित्त अधिकारियों के साथ दोबारा संयुक्त बैठक करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में आयुष्मान का संतुलित पैकेज मास्टर तैयार करने समेत कई बिंदुओं पर चर्चा हुई।

**कैबिनेट मंत्री**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सीवर और पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जलसंस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में श्री जोशी ने अधिकारियों को जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूरे करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने किशन नगर वार्ड 12 में पेयजल और सीवरेज संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र ही एक ठोस व दीर्घकालिक योजना बनाई जाए। बैठक के दौरान उन्होंने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों और

प्रस्तावित सीवर व पेयजल संबंधी कार्यों को जल्द प्रारंभ कर गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर जोर दिया, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र लाभ मिल सके।

**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव**
प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया कल पूरी हो गई। आखिरी दिन ग्राम प्रधान पद के लिए प्रत्याशियों में नामांकन को लेकर उत्साह देखा गया। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार पंचायत चुनाव के लिए तीन दिवसीय नामांकन प्रक्रिया में अंतिम समाचार मिलने तक 66 हजार 418 पदों के लिए 32 हजार 239 नामांकन दर्ज किए गये। अंतिम आंकड़े आने अभी बाकी हैं। अब कल से नौ जुलाई तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश में पंचायत चुनाव के लिए दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण के लिए 24 जुलाई और दूसरे चरण के लिए 28 जुलाई को मतदान होगा। मतगणना और परिणामों की घोषणा 31 जुलाई को की जाएगी।

गौरतलब है कि हरिद्वार को छोड़कर प्रदेश के 12 जिलों की 89 विकासखंडों में 55 हजार 587 ग्राम पंचायत सदस्य, 7 हजार 499 ग्राम प्रधान, 2 हजार 974 क्षेत्र पंचायत सदस्य और 358 जिला पंचायत सदस्य समेत कुल 66 हजार 418 पदों के लिए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होना है। उधर, प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। साथ ही पुलिस का सघन चेकिंग अभियान भी जारी है। इसके साथ ही आयोग और पुलिस लगातार सभी प्रत्याशियों तथा आम लोगों को आचार संहिता का पालन करने के लिए जागरूक करने में जुटी हुई है।

**सीएम घोशणा समीक्षा**
चमोली जिले के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्यों की नियमित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के आदेश दिए। साथ ही उन्होंने जिला स्तर पर लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कर योजनाओं का कार्य शुरु करवाने की बात कही। वहीं उन्होंने शासन स्तर पर लम्बित प्रकरणों का फॉलोअप कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी देने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा मुख्यमंत्री घोषणाएं सीधेतौर पर आम जनता के हितों से जुड़ी होती है। ऐसे में अधिकारी घोषणाओं के क्रियान्वयन को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र करवाना सुनिश्चित करें।

**मौसम**
**और अब एक नजर आज के मौसम पर.....** आज राजधानी देहरादून समेत राज्य के विभिन्न स्थानों पर बादल छाए हुए हैं और कहीं–कहीं हल्की बूंदाबांदी हो रही है।

इस बीच, मौसम विभाग ने आज और कल के लिए राज्य के ज्यादातर जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है, जबकि रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी और बागेश्वर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

उधर, पहाड़ी जिलों में बारिश और भूस्खलन के कारण लगातार अवरुद्ध हो रहे मार्गों को खोलने के प्रयास जारी हैं।

विभाग की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन को संवेदनशील स्थानों पर अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्थानीय नागरिकों खासकर चारधाम तीर्थयात्रियों को खराब मौसम की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की सलाह दी गई है।

**आईटीबीपी**

चंपावत पशुपालन विभाग के माध्यम से 36 वाहिनी इंडो–तिब्बतन बॉर्डर पुलिस को 644 किलोग्राम लाइव पोल्ट्री की सफल आपूर्ति की गई। यह आपूर्ति विभाग के पंजीकृत पशुपालक द्वारा की गई, जिससे एक ओर जहां आईटीबीपी की आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हुई, वहीं दूसरी ओर स्थानीय पशुपालकों को आर्थिक रूप से लाभान्वित होने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि पशुपालन विभाग की ओर से ऐसे प्रयास भविष्य में भी लगातार किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के पशुपालकों को स्थायी विपणन मंच उपलब्ध हो सके और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें।

सरकार का कहना है कि पशुपालन विभाग की यह पहल 'वोकल फॉर लोकल' के सिद्धांत को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम है, जिससे न केवल सरकारी संस्थानों की आपूर्ति आवश्यकताओं की पूर्ति होती है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है।

**संक्षिप्त समाचार**

आज मुहर्रम है। यह दिवस पैगम्बर मुहम्मद के पोते हज़रत इमाम हुसैन और उनके शागिर्दों की शहादत की याद में मनाया जाता है जिन्होंने सत्य और न्याय के लिए करबला में अपनी जान गंवा दी थी। इस अवसर ताजिया निकाले जाते हैं और मजलिस का आयोजन होता है।

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने देहरादून में युवा बाल साहित्यकार ललित शौर्य द्वारा लिखित पुस्तक "जंगल हम बचाएंगे" का विमोचन किया। यह पुस्तक बच्चों और आम जनमानस को वन संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता तथा वनाग्नि की रोकथाम के प्रति संवेदनशील बनाएगी।

बागेश्वर में 'मेरा वोट मेरी पहचान, मेरा वृक्ष मेरी जान' थीम पर वृक्षारोपण और लोकतंत्र सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ऑपरेशन लगाम के तहत पिछले एक माह में टिहरी पुलिस ने यात्रा मार्गों पर हुड़दंग और अन्य गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के 935 चालान कर 3 लाख 8 हजार 750 रुपये का जुर्माना वसूला है।

कश्मीर घाटी में अमरनाथ यात्रा के लिए आज सुबह सात हजार दो सौ आठ तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था जम्मू में भगवती नगर यात्री–निवास आधार–शिविर से रवाना हुआ। ये सभी तीर्थयात्री आज पहलगाम आधार शिविर पहुंचेंगे और वहां से पवित्र गुफा के लिए यात्रा शुरू करेंगे।

**मुख्य समाचार एक बार फिर–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के लिए 'मिशन संवाद' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आयुष्मान योजना के सेवा प्रदाता अस्पतालों के दावों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी। कल से नौ जुलाई तक होगी नामांकन पत्रों की जांच।
- मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों के दौरान रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी व बागेश्वर जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।